प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

शीतकालीन सत्र

धर्मशाला स्थित तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इस दौरान प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों और विधानसभा सचिव स्वीकृत विधेयकों की एक–एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे। इसमे हिमाचल प्रदेश विद्युत, प्रदेश माल और सेवा कर, नगर और ग्राम योजना और आबकारी विधेयक शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री वित्तिय वर्ष 2014–15 से लेकर 2020–21 तक अतिरिक्त बजट का ब्योरा भी रखेंगे। सदन में अन्य कैबिनेट मंत्री भी विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। 21 दिसम्बर तक चलने वाले इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कल शिमला के गेयटी थियेटर में भारतीय लेखा परीक्षा व लेखा सेवा के 2024 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और राष्ट्रीय लेखा परीक्षा व लेखा अकादमी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह का शुभारम्भ किया। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से सटीकता, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का आहवान किया जिससे प्रशासन की गुणवत्ता व वित्तीय प्रणाली में लोगों का विश्वास बढ़ेगा। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि सार्वजनिक वित्तीय जटिलताओं से निपटने के लिए लेखा सिद्धांतों, लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं और शासन संरचनाओं की गहरी समझ बेहद आवश्यक है। राज्यपाल ने सूचना प्रौद्योगिकी के युग में अधिकारियों को प्रौद्योगिकी, डिजिटल ऑडिटिंग टूल की जानकारी से अवगत रहने और भविष्योन्मुखी वित्तीय प्रणाली के लिए तैयार रहने के लिए भी कहा। इस अवसर पर उप–नियंत्रक व महालेखा परीक्षक रेबेका मथाई ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रीय लेखा परीक्षा व लेखा अकादमी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अकादमी / 75 वेबसाइट और विशेष कवर का अनावरण भी किया।

आग

चंबा जिला के जंगलों में इन दिनों आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। आग लगने से प्रदूषण, वन संपदा सहित कई जीव जन्तु जल कर राख हो रहे हैं।

अधिक ब्योरे के साथ हमारे चंबा संवाददाता

रैली

मंडी जिला के सेरी मंच में आज धर्म संघ द्वारा बांग्लादेश में हिंदू एवं अल्पसंख्यकों पर हो रहे अनाचार व अत्याचार के विरोध में जनआक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है।

प्रतियोगिता

युवाओं को नशे से दूर रखने व खेलों में उनकी रूची बढाने के लिए इस बार सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में पहली बार बघाट कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। ये प्रतियोगिता प्रो कबड्डी की तर्ज पर शुरू की गई है ताकि युवाओं को नशे से दूर रख कर उनकी रूची खेलो में बढाई जा सके। प्रतियोगिता के आयोजक अरूण कुमार ने सोलन में एक पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि इस प्रतियोगिता में महिला व पुरूष दोनों टीमें भाग लेंगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। दिन के समय धूप खिलने से कुछ क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में वृद्धि भी हुई है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के मैदानी जिलों के कई स्थानों में तापमान शून्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है जिससे इन क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी कुछ दिनों तक सूखी ठंड का प्रकोप जारी रहेगा। विभाग ने आगामी एक सप्ताह तक राज्य में मौसम साफ बने रहने की संभावना जताई है।

---